भारत-इथियोपिया संयुक्त व्यापार समिति का छठा सत्र

प्रिलिम्स के लिये:

भारत-इथियोपिया संयुक्त व्यापार समिति (JTC), एकीकृत भुगतान इंटरफेस

मेन्स के लिये:

भारत-इथियोपिया संबंध, भारत के हितों पर देशों की नीतियों और राजनीति का प्रभाव

स्रोत: पी. आई. बी.

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **भारत-इथियोपिया संयुक्त व्यापार समिति (JTC) का छठा सत्र अदीस अबाबा** (इथियोपिया) में आयोजित किया गया। इसमें आर्थिक संबंधों को मज़बूत करने के लिये दोनों देशों के अधिकारियों ने भी भाग लिया।

भारत-इथियोपिया संयुक्त व्यापार समिति (JTC):

- भारत-इथियोपिया JTC एक **द्विपक्षीय मंच** है जो दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश संबंधों की समीक्षा तथा उन्हें बढ़ाने के लिये समय-समय पर बैठक करता है।
- JTC की सह-अध्यक्षता भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय तथा इथियोपिया के व्यापार एवं क्षेत्रीय एकीकरण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की जाती है।
- JTC व्यापार, निवेश, सहयोग एवं नीतिगत मामलों से संबंधित विषयों तथा विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करती है।

JTC बैठक के प्रमुख बिंदु:

- भारत ने इथियोपिया के एथस्विच के साथ **यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (UPI)** को एकीकृत करने पर सहयोग के लिये इथियोपिया को आमंत्रित किया।
- एथस्विच इथियोपिया में एक भुगतान प्लेटफॉर्म बुनियादी ढाँचा है।
- भारतीय पक्ष ने इथियोपिया से स्थानीय मुद्रा में **व्यापारिक लेन-देन के निपटान की संभावना** का पता लगाने का भी आग्रह किया, जिससे द्विपक्षीय व्यापार संबंधों तथा विदेशी मुद्रा के संरक्षण को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।
- इन क्षेत्रों में स्वास्थ्य और फार्मास्यूटिकल्स, ऑटोमोबाइल्स, कपड़ा, बुनियादी ढाँचा परियोजनाएँ, खाद्य तथा कृषि प्रसंस्करण इत्यादि शामिल हैं।
- दोनों पक्षों ने **मानकीकरण और गुणवत्ता आश्वासन** तथा सीमा शुल्क प्रक्रिया के क्षेत्र में **समझौता ज्ञापन (MoU)** को लेकर जारी चर्चाओं की प्रगति की भी समीक्षा की तथा उन्हें शीघ्रता से पूरा करने पर सहमति व्यक्त की।

भारत-इथियोपिया व्यापार संबंध कैसे रहे हैं?

- भारत **इथियोपिया के लिये दीर्घकालिक रियायती ऋण के सबसे बड़े स्रोतों** में से एक है, जिसमें ग्रामीण विद्युतीकरण, चीनी उद्योग और रेलवे जैसे क्षेत्रों के लिये 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का ऋण शामिल है।
- भारत और इथियोपिया के बीच द्विपक्षीय व्यापार **वर्ष 2022-23 में 642.59 मिलियन अमेरिकी डॉलर** तक पहुँच गया।
    - वर्ष 2021-22 में इथियोपिया की अर्थव्यवस्था अनुमानित 6.4% बढ़ी।
- भारत **इथियोपिया का दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक है।**

- भारतीय कंपनियाँ **इथियोपिया में शीर्ष तीन विदेशी निवेशकों में शामिल हैं**, जिनका मौजूदा निवेश कुल 5 अरब अमेरिकी डॉलर है।
- इथियोपिया और भारत के बीच कई उच्च-स्तरीय यात्राएँ हुई हैं, जिनमें मंत्रियों, प्रधानमंत्रियों और राष्ट्रपतियों की यात्राएँ शामिल हैं।

इथियोपिया के संबंध में मुख्य तथ्य:

- यह **अफ्रीका के हॉर्न** में स्थित स्थल-रुद्ध देश है, जिसे **आधिकारिक तौर पर इथियोपिया के संघीय लोकतांत्रिक गणराज्य** के रूप में जाना जाता है।
    - **इसकी राजधानी अदीस अबाबा है।**
- इथियोपिया के दक्षिण-पूर्व में सूडान, दक्षिण में इरिट्रिया, पश्चिम में जिबूती और सोमालिया, उत्तर में केन्या तथा पूर्व में दक्षिण सूडान में स्थित है।
- इसके बावजूद कि यूरोपीय देशों ने अफ्रीका के 90% हिस्से पर कब्ज़ा कर लिया, इथियोपिया विश्व के सबसे पुराने उन देशों में से एक है जो **उपनिवेश होने** से बच गए।
- इथियोपियाई कैलेंडर में 30 दिनों के 12 महीने होते हैं, साथ ही पाँच या छह अतिरिक्त दिन (कभी-कभी इसे 13वें महीने के रूप में भी जाना जाता है)।
- **रास डेजेन (या डैशेन)**, इथियोपिया की सबसे ऊँची चोटी है।
- इथियोपिया की सबसे बड़ी झील **ताना झील** है और यह ब्लू नील नदी **(Blue Nile River)** का स्रोत है।



//

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

प्रश्न. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा एक सही सुमेलित है? (2013)

भौगोलिक लक्षण : प्रदेश

(a) एबिसिनि पठार : अरब

(b) एटलस पर्वत : उत्तर-पश्चिमी अफ्रीका

(c) गुयाना उच्चभूमि : दक्षिण-पश्चिमी अफ्रीका

(d) ओकावांगो द्रोणी : पैटागोनिया

उत्तर: (b)

- एबसिनियिन पठार इथियोपिया (अफ्रीका) में एक पठार है जो समुद्र तल से 1388 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है।

- एटलस पर्वत उत्तर-पश्चिमी अफ्रीका में पर्वतों की एक शृंखला है, जो आमतौर पर दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पूर्व तक फैली हुई है। यह माघरेब (Maghreb-अरब दुनिया का पश्चिमी क्षेत्र) - मोरक्को, अल्जीरिया और ट्यूनीशिया के देशों का भूगर्भिक आधार बनाता है।
- गुयाना हाइलैंड्स उत्तरी दक्षिण अमेरिका का वह क्षेत्र है जहाँ ब्राज़ील, गुयाना और वेनेज़ुएला माउंट रोराइमा (Mount Roraima) पर मिलते हैं। यह ओरिनोको तथा अमेज़न नदी घाटियों एवं गुयाना के तटीय तराई क्षेत्रों से घिरा हुआ है।
- ओकावांगो नदी द्रोणी दक्षिणी अफ्रीका की चौथी सबसे लंबी नदी प्रणाली है। यह दक्षिण-पश्चिमी अफ्रीका में पाया जाने वाला एक एंडोरहिक बेसिन (Endorheic Basin- जलक्षेत्र जो समुद्र में नहीं प्रवाहित होता है) है।

अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/6th-session-of-india-ethiopia-joint-trade-committee